बद्रीनाथ मंदिर के लिये मास्टर प्लान

चर्चा में क्यों?

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुसार, राज्य में **बद्रीनाथ मंदिर में सुविधाओं के उन्नयन के लिये 424 करोड़ रुपए का मास्टर प्लान** तैयार किया गया है।

मुख्य बिंदु:

- बद्रीनाथ मंदिर राज्य के बद्रीनाथ शहर में स्थित है और यह **चार धाम तीर्थ स्थलों** में से एक है।
- उत्तराखंड में कई धार्मिक स्थल हैं तथा **हिमालयी क्षेत्र** में उनका स्थान, जो **पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील** है। सरकार के लिये **पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दूर करना** एवं देश भर से आने वाले **तीर्थयात्रियों के लिये बेहतर सुविधाओं की आवश्यकता को पूरा करना यहाँ एक बड़ी चुनौती** है।
- बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से अनुरोध किया कि वे **उधम सिंह नगर ज़िले में पंतनगर हवाई अड्डे** के विस्तार की प्रक्रिया जल्द शुरू करें।
    - साथ ही देहरादून में **जॉली ग्रांट हवाई अड्डे** के विस्तार की अनुमति देने और हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा देने की प्रक्रिया में तेज़ी लाने का अनुरोध किया।

बद्रीनाथ मंदिर

- यह मंदिर वैष्णवों के लिये **108 दिव्य देसमों में से एक भगवान विष्णु का पवित्र तीर्थस्थल** है, जिन्हें बद्रीनाथ के रूप में पूजा जाता है।
- यह उत्तराखंड के चमोली ज़िले में **अलकनंदा नदी के तट पर स्थित** है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/master-plan-to-upgrade-facilities-at-badrinath-temple